FA	1

राज्य स्तरीय आकलन

सत्र 2019–20

सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा : सातवीं | **विषय : विज्ञान**

PAPER CODE : 7071 | **पूर्णांक : 10**

निर्देश – खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।

खण्ड 'अ' (अंक 05)

LO - SCI-714 - पर्यावरण की सुरक्षा हेतु प्रयास करते हैं।

गतिविधि 1. पर्यावरण संरक्षण

मानव की कुछ गतिविधियों जैसे–पेड़ों को काटना, शिकार करना, मनोरंजन के लिए पक्षियों को पिंजरे में पालना; इनसे पर्यावरण को नुकसान पहुँचता है। अपने साथियों तथा परिवार के सदस्यों से चर्चा करें तथा कक्षा में प्रस्तुत करें कि पर्यावरण संरक्षण के लिए आप क्या उपाय सुझाएंगे।

गतिविधि 2. प्रदूषित जल का उपचार

प्रदूषित जल के उपचार के लिए कौन–कौन–सी विधियाँ अपनायी जा सकती हैं, अपने परिवार तथा आस–पड़ोस के व्यक्तियों से चर्चा करें। इसके लिए अखबार की कटिंग (कतरन) भी एकत्र कर चार्ट पेपर पर चिपकाएं।

गतिविधि 3. जलीय जीवो का बचाव

आपके क्षेत्र के तालाब में मछलियों/जलीय जीवों की संख्या कम हो रही है जिससे परिवेश का जैव–समुदाय प्रभावित हो रहा है। इसके संभावित कारणों का पता लगाकर जलीय जीवों के बचाव के उपायों पर रिपोर्ट तैयार कर कक्षा में चर्चा करें।

खण्ड 'ब' **(अंक 05)**

LO - SCI-711 - अपने आस–पास उपलब्ध वस्तुओं से विभिन्न मॉडल का निर्माण कर उनकी क्रियाविधि की व्याख्या करते हैं।

गतिविधि 4. वायुमापी यंत्र का मॉडल

कक्षा के 5–5 विद्यार्थी समूह बनाएं। प्रत्येक समूह अपने परिवेश में उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर वायुमापी यंत्र का मॉडल निर्माण कर कक्षा में प्रस्तुतीकरण करे।

गतिविधि 5. अग्निशामक यंत्र का मॉडल

कक्षा के 5–5 विद्यार्थी समूह बनाएं। प्रत्येक समूह अपने परिवेश में उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर अग्निशामक यंत्र का मॉडल निर्माण कर कक्षा में प्रस्तुतीकरण करे।

गतिविधि 6. सरल सूक्ष्मदर्शी यंत्र का मॉडल

कक्षा के 5–5 विद्यार्थी समूह बनाएं। प्रत्येक समूह अपने परिवेश में उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर सरल सूक्ष्मदर्शी यंत्र का मॉडल निर्माण कर कक्षा में प्रस्तुतीकरण करे।